# जिला कोर्ट में बम ... मिला धमकी भरा मेल

▶ जहरीली गैस के 15 बम लगाए जाने का किया था दावा



**बड़वानी, ( नवभारत )।** जिला न्यायालय बड़वानी की आधिकारिक ईमेल आईडी पर शुक्रवार सुबह एक सनसनीखेज धमकी भरा मेल आया। मेल में दावा किया था कि कोर्ट और जज के दफ्तरों में 15 जहरीली गैस के बम लगाए हैं, जो दोपहर 1 बजे विस्फोट होंगे।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र कुमार जैन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक को बम दस्ता के माध्यम से जांच कराते हुए जांच रिपोर्ट सौंपने को कहा है। सूचना मिलने के बाद अचानक पुलिस बल ने कोर्ट परिसर को अपने कब्जे में ले लिया और परिसर खाली कराकर बैरिकेटिंग की गई। कोर्ट के पास बनी दुकान और वकीलों के चैंबर को एहतियात के तहत बंद कराया गया। साथ ही कोर्ट के सामने, साइड एवं पीछे के रास्तों को सीज कर बैरीकेटिंग की गई। पुलिस की कार्रवाई से शहरवासी आश्चर्य में पड़ गए। दोपहर करीब ढाई बजे खरगोन से आए बम निरोधक दस्ते ने पूरे कोर्ट परिसर में जांच-पड़ताल की।

हालांकि जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं पाई गई। जानकारी अनुसार जिला एवं सत्र न्यायालय की अधिकृत मेल आईडी पर तामिल भाषा में धमकी भरा ई मेल प्राप्त हुआ था। जिसके बाद उन्होंने एसपी को सूचना दी। दोपहर करीब 12.45 बजे बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात हो गया। कोर्ट के पास सुख विलास कॉलोनी मार्ग को भी बंद किया। वहीं परिसर के पीछे वाले मार्ग से भी आवागमन रोका गया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेंद्र कुमार जैन ने कहा कि तामिल भाषा में एक ई मेल प्राप्त हुआ था। जिसके बाद एसपी को अवगत कराया था। हालांकि ऐसे फेक मैसेज आते हैं, जो विचलित करने वाले होते हैं, लेकिन इसे अफवाह नहीं कहा जा सकता। क्योंकि ऐसे मैसेज में अगर कोर्ट के लिए आते हैं, तो आमजन में असुरक्षा का भाव पैदा होता हैं। इसलिए पुलिस के माध्यम से जांच कराई गई। एसपी पद्म विलोचन शुक्ल ने कहा कि जांच में ऐसी कोई वस्तु नहीं मिली, जो विस्फोटक या जहरीली हो। मध्य प्रदेश के अन्य जिलों में इस प्रकार के ई-मेल प्राप्त होने की बात कही। उन्होंने कहा साइबर और तकनीकी माध्यम से पुलिस जांच कर रही है।

**अमला रहा तैनात**

जल्द ही इसे ट्रेस कर लिया जाएगा। इस दौरान अपर कलेक्टर सोहन कनाश, तहसीलदार सोनू गोयल, एएसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी दिनेशसिंह चौहान, टीआई बलजीत सिंह बिसेन, यातायात प्रभारी विनोद बघेल सहित पुलिस व राजस्व अमला कोर्ट परिसर के आसपास तैनात रहा।

# बैठक में तय की आंदोलन की रणनीति

**निवाली, ( नवभारत )।** नगर में अतिथि शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं और मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में प्रमुख रूप से 12 माह की सेवा अवधि, 62 वर्ष तक सेवाकाल सुनिश्चित करने तथा विभागीय परीक्षा के माध्यम से स्थायीकरण जैसे मुद्दों को उठाया गया। शिक्षकों ने कहा कि उनकी मांगें लंबे समय से लंबित हैं, जिन्हें शीघ्र पूरा किया जाना आवश्यक है। इस दौरान 29 एवं 30 मार्च को प्रस्तावित आंदोलन को सफल बनाने के लिए रणनीति भी तैयार की गई। सभी शिक्षकों ने एकजुट होकर अपनी मांगों को लेकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि अधिकारों की प्राप्ति के लिए एकजुटता बेहद जरूरी है और सभी शिक्षकों को आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। बैठक में ब्लॉक निवाली के शासकीय विद्यालय में कार्यरत समस्त अतिथि शिक्षक विनोद मेहता, सेवकराम सोलंकी, रोशनी जाधव, अनिता कनोजे, जीवनलाल सोलंकी, विकास कवासे, दिनेश बर्डे, नानूराम बर्डे, अरुण कुशवाह, कान्हा बड़ोले और संजय राठौड़ आदि उपस्थित हुए।



**मुख्य मांगें**

- विभागीय परीक्षा के माध्यम से स्थायीकरण।
- 12 माह की सेवा अवधि लागू करना।
- 62 वर्ष तक सेवाकाल सुनिश्चित करना।
- सत्र के बीच अतिथि शिक्षकों को हटाने पर रोक एवं पुराने शिक्षकों को यथावत रखना।

## एक नजर में

### गन्ने से भरी ट्रॉली पलटने से लगा जाम



**पानसेमल।** थाना क्षेत्र के ग्राम मोयदा और दोदवाडा के बीच गन्ने लेकर जा रहा ट्रेक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटने से खेतिया-सेंधवा स्टेट हाईवे पर जाम लग गया। घटना स्थल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारे लग गई। ट्रक चालक ने बताया कि गुरुवार शाम 4 बजे बाद से वाहन रुके हुए हैं। 3 घंटे बीत जाने के बाद मार्ग खोला नहीं गया है। जाम में फंसे ड्राइवर परेशान हो रहे हैं। आसपास कोई नाश्ते या चाय की दुकानें भी नहीं हैं। सूचना के बाद मौके पुलिस टीम ही मौजूद रही। मौके पर क्रेन और जेसीबी की सहायता से ट्रॉली को हटाकर मार्ग को सुचारू करने का कार्य किया जा रहा था। करीब 9 बजे के लगभग एक ओर से आवाजाही शुरू हुई थी।

### मीनेष जयंती हर्षोल्लास से मनाई जाएगी आज

**इंदौर.** मां अहिल्या की नगरी में आगामी 21 मार्च को मीणा समाज के आराध्य भगवान श्री मीनेष की जयंती मीणा समाज धार्मिक हर्षोल्लास से मनाएगा. मप्र मीणा समाज सेवा संगठन की इंदौर जिला इकाई के तत्वावधान में आयोजित मीनेष जयंती महोत्सव को लेकर शहर सहित जिलेभर के मीणा बंधुओं में उत्साह का माहौल है. मीणा समाज जिलाध्यक्ष सुभाष मीणा, महिला जिलाध्यक्ष ज्योति शेषराम मीणा व मीडिया प्रभारी अजय बारवाल ने बताया कि 21 मार्च को सुबह 10 बजे शाम 4 बजे तक सरदार पटेल चौराहे के समीप रेलवे कम्यूनिटी हॉल, इंदौर में भव्य समारोह आयोजित किया जा रहा है। सामाजिक एकजुटता और उत्थान के साथ संगठन की मजबूती और आगामी गतिविधियों को लेकर भी समारोह में विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं मीणा समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गणपत पटेल होंगे. अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण मीणा करेंगे. समारोह में समाज के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए जाएंगे. प्रदेश उपाध्यक्ष जुगनू जादव सिंह धनावत, महिला प्रदेश उपाध्यक्ष वर्षा निलेश मीणा, प्रदेश महामंत्री दीपा प्रकाश मीणा, प्रदेश महामंत्री वर्षा मीणा पालदा, महिला जिलाध्यक्ष ज्योति शेषराम मीणा, युवा जिलाध्यक्ष नवीन मीणा आदि ने शहर सहित जिलेभर के स्वजातीय बंधुओं से महोत्सव में सपरिवार शामिल होकर इस सामाजिक और धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है.

### वीरांगना रानी अवंतिबाई लोधी बलिदान दिवस आज

**इंदौर.** लोधी समाज द्वारा शुक्रवार को वीरांगना रानी अवंतिबाई लोधी का 166वां बलिदान दिवस मनाया जाएगा. इस अवसर पर शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उनके शौर्य और बलिदान को याद किया जाएगा. लोधी समाज युवा समिति के अध्यक्ष मनोहर सिंह चौहान, सचिव गोविंद कौशल, उपाध्यक्ष लाखन सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुरेश कौशल, रमेश कौशल एवं नारायण सिंह ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, बच्चों और समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा. साथ ही 1857 की क्रांति में रानी अवंतिबाई लोधी द्वारा अंग्रेजों के खिलाफ किए गए साहसिक संघर्ष पर प्रकाश डाला जाएगा. इसके अलावा महिला जागृति, बाल शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं संस्कार से जुड़े वर्षभर संचालित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की जाएगी.

### संगीत निशा में सुरीले नगमो की प्रस्तुतियों से बांधा समा

**महू.** हिन्दू नूतन वर्ष गुड़ी पड़वा की पूर्व संध्या पर सुर सप्तक म्यूजिकल ग्रुप द्वारा संगीत निशा- मेरी आवाज ही पहचान है गर याद रहे का आयोजन किया गया. जिसमें इंदौर और महु के प्रमुख सुर साधकों ने 60 से 80 दशक के सदाबहार हिंदी फिल्मों के एक से बढ़कर एक नगमो की प्रस्तुतियां दीं. इनमें मेरे महबूब में क्या नहीं है, इसी में प्यार की आरजू, जब मोहब्बत जवान होती है, लिखे जो खत तुझे, खिलते हैं गुल यहां, चोरी-चोरी चुपके चुपके कोई आये, दिलबर दिल से प्यारे और थीम सांग मेरी आवाज ही पहचान है आदि गीतों को सर्वाधिक पसंद किया गया. संगीत निशा में सुनिता कोंगे, विरेंद्र कोंगे, अरुण जोशी, जेबी सिंह, मेघा मकरानी, सुनिता लाहोरे, मनोज सागर, निधि जितेंद्र मोरे, पायल परदेशी, कमलेश यादव, विजय पाटीदार, जितेंद्र चौधरी, डॉ. अनुपम श्रीवास्तव के साथ इंदौर से आए समीर जादव, दिनेश सोनोने, साक्षी खर्चे, प्रगति भागवत, पवन सिरसाठ, प्रदीप जैन आदि सुरसाधकों ने सुरीले नगमे पेश किए. संगीत निशा ने संगीत और सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं का सम्मान भी किया गया. आयोजक वीरेंद्र कोंगे और सुनिता कोंगे ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता राधेश्याम जादव, वरिष्ठ समाजसेवी बसंत अग्रवाल, किशोर बियाणी, कामना जैन भी उपस्थित थे.

### पशु चिकित्सा महाविद्यालय में व्याख्यान

**महू.** पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में आइटीबीपी के पूर्व डीआईजी डॉ. नवाज शरीफ का अर्बन वाइल्डलाइफ मैनेजमेंट इंक्लूडिंग रेस्क्यू, रिकवरी रिहैबिलिटेशन और रिलीज विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन कॉलेज के सभागृह में किया गया. कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. बीपी शुक्ला ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत और अभिनंदन किया और डॉ. अशोक पाटिल ने मुख्य अतिथि की उपलब्धियां बताईं. अधिष्ठाता ने बताया कि वन्यजीवों के लिए कार्य करना चुनौतीपूर्ण है. मुख्य अतिथि ने बताया कि शहरी इलाकों में वन्य जीवन की कुछ चुनौतियां हैं, जैसे की आवास की कमी, भोजन की कमी, मानव-वन्य जीवन संघर्ष, प्रदूषण आदि. पक्षी, स्तनधारी, कीट जैसे जीव शहरी इलाकों में पाए जाते हैं. ये जीव प्रदूषण नियंत्रण, पर्यावरण संतुलन में मदद करते हैं और मनोरंजन भी देते हैं. इनका संरक्षण करने के लिए आवास, भोजन-पानी की व्यवस्था जरूरी है.

# मारवाड़ी समाज मना रहा गणगौर पर्व

**पानसेमल, ( नवभारत )।** नगर में निमाड़ के प्रसिद्ध गणगौर महापर्व को धूमधाम से मनाया जा रहा है। नगर में राजस्थानी समाज, मारवाड़ी एवं ब्राम्हण समाज द्वारा विशेष रूप से होली के दूसरे दिन से यह पर्व मनाया जाता है। माता की बाड़ी में प्रतिदिन महिलाएं पुजन, झालरिया गीत गाकर, नृत्य कर आनंद के साथ उत्सव को मना रही हैं। परिवार सहित क्षेत्र की कुशल कामना एवं मनोकामना की पूर्ति के लिए प्रार्थना करते हैं।



**की जाती है पूजा-अर्चना**

रचना गोयल ने बताया कि गणगौर पर्व में गण (शिव) और गौर (पार्वती) की विशेष रूप से व अन्य कई धार्मिक गतिविधियां कर पूजा-अर्चना की जाती है। जिस तरह पार्वती शिवजी की सेवा कर उनकी आज्ञा का पालन करती हैं। उसी तरह गणगौर पर्व में महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए अपना जीवन प्रेम पूर्वक निर्वाह हो तथा कामना करती हैं कि उनकी जोड़ी भी भगवान शिव पार्वती जैसी बनी रहे। महिलाएं व्रत रखती हैं। गणगौर के इस पूरे आयोजन में महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा सहभागिता कर गणगौर पर्व की संस्कृति को संजोया जा रहा है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, परस्पर प्रेम, अपनी विरासत, संस्कृति और परंपराओं की गांठ मजबूत करने कई तरह से सक्रिय भागीदारी निभाकर भक्ति और श्रद्धा के साथ गणगौर उत्सव मनाया जा रहा है। निमाड़ी समाज द्वारा राम मंदिर में तीज तिथि पर माताजी की बाड़ी खोली जाएगी। भीकनगांव के पुजारी हेमंत तारे अपनी माताजी के साथ पुजन संपन्न कराएंगे। महिलाओं द्वारा राम मंदिर पर रात्रि में गणगौर के पारम्परिक गीत गाए जा रहे हैं।

# पूजन कर गाए झालरिया गीत

▶ गणगौर पर वैष्णवी बैरागी समाज की महिलाओं ने की पूजा-अर्चना

**बड़वानी, ( नवभारत )।** शहर में गणगौर पर्व पर वैष्णव बैरागी समाज की महिलाओं ने सत्यनारायण मंदिर में श्रद्धा और उल्लास के साथ पूजा-अर्चना की। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने माता गौरा और भगवान ईसर की विधिवत आराधना की, झालरिया (पारंपरिक गणगौर) गीत गाए और अंत में माता की प्रसादी के रूप में तांबोल का वितरण किया। पूजा के दौरान मनोरमा दीक्षित, गायत्री पंडित मंगला शर्मा, कविता बैरागी, भावना शर्मा, उर्मिला शर्मा, मोनिका शर्मा व अन्य महिलाओं ने भक्तिभाव से गीत प्रस्तुत किए और सामूहिक आरती में भाग लिया। आभार संतोष शर्मा ने माना।



## ओलावृष्टि और असमय वर्षा से फसलों को हुआ नुकसान

**बड़वानी।** जिले के कई क्षेत्रों में 24 घंटों में असमय हुई बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को पहुंचे नुकसान का जायजा लेने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय है। कलेक्टर जयति सिंह के निर्देशन में राजस्व, कृषि व उद्यानिकी विभाग की टीमों ने तत्काल प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर खेतों का निरीक्षण शुरू कर दिया है। बड़वानी, अंजड़, ठीकरी एवं पानसेमल तहसील में मुख्यत: मक्का सहित केला, पपीता की फसल को नुकसान पहुंचा है। राजस्व विभाग की टीम द्वारा कृषि एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सरपंचों के साथ कई ग्रामों का सर्वे कार्य किया। यह दल जमीनी स्तर पर फसलों की क्षति का सटीक आकलन कर रहे हैं।

# 4 .43 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर. चंदननगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 4.43 लाख रुपए कीमत की 43 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर की गई.**

थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि आईटी पार्क गेट, धार रोड क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर घेराबंदी की गई. इस दौरान एक युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे टीम ने पकड़ लिया. तलाशी लेने पर उसके पास से 43 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 4 लाख 43 हजार रुपए बताई जा रही है. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोहसीन पठान उम्र 30 साल निवासी खजराना बताया. उसने कबूल किया कि वह बाहर से सस्ते दामों में मादक पदार्थ लाकर शहर में महंगे दामों पर बेचता था. आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि वह खुद नशे का आदी है और कर्ज चुकाने व जल्दी पैसे कमाने के लालच में इस अवैध कारोबार में शामिल हुआ. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर रिमांड पर लिया है. रिमांड के दौरान पुलिस उससे मादक पदार्थ के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है.



## 10 .600 किलो गांजा के साथ आरोपी को पकड़ा



**इंदौर.** क्राइम ब्रांच ने लक्ष्मीबाई नगर में दबिश देकर 10 किलो 600 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से एक दोपहिया वाहन और मोबाइल फोन भी जब्त किया है. एडीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया ने बताया कि आरोपी का नाम करण केवट है और वह इंदौर का रहने वाला है. आरोपी को टीन शेड के पास स्थित सीमेंट गोदाम क्षेत्र से पुलिस ने घेराबंदी कर रोका और तलाशी ली, तो उसके बैग में गांजा पाया गया. आरोपी ने स्वीकार किया कि वह सस्ते दाम पर गांजा खरीदकर शहर में बेचता था. जप्त गांजे की अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 1 लाख रुपए आंकी गई है. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है.

## 1 .92 किलो गांजा के साथ दो आरोपी धराए

**इंदौर.** मानपुर पुलिस ने एक किलो 92 ग्राम अवैध गांजे के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से एक सिल्वर रंग की टीवीएस जुपीटर स्कूटी भी जब्त की है. पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है. मानपुर थाना थाना प्रभारी महेन्द्र मकाश्रे ने बताया कि सिल्वर रंग की टीवीएस जुपीटर स्कूटी एमपी-09-युजी-4177 पर सवार दो युवक आ रहे थे. लेबड़ रोड मानपुर के पास पुलिस को देख वे घबरा गए. उन्हें रोककर पूछताछ की और तलाशी ली तो स्कूटी की डिक्की में काले रंग के बैग में दो प्लास्टिक की पारदर्शी थैलियों में गांजा बरामद हुआ. जप्त गांजे की अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 12 हजार रुपए बताई गई है. आरोपियों के नाम गौरव पिता योगेश भागवत उम्र 19 साल निवासी लालबाग बारह भाई मार्ग और अक्षय पिता ब्रजमोहन राठौर उम्र 19 साल निवासी समाजवाद नगर हैं. दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर स्कूटी को भी जब्त किया गया है. दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है.



# उद्धाटन से पहले ही ट्रैफिक मित्र रोबोट के साथ तोड़फोड़

▶ अज्ञात बदमाशों ने तोड़े हाथ और डिस्प्ले

**इंदौर.** हीरानगर थाना क्षेत्र के ब्रिलियंट औरा चौराहे पर यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए लगाए गए ट्रैफिक मित्र रोबोट को अज्ञात उपद्रवियों ने निशाना बनाया. बदमाशों ने रोबोट के हाथ और मुख्य डिस्प्ले में तोड़फोड़ कर उसे पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिससे उसका संचालन ठप हो गया है. मामले में पुलिस जांच कर रही है. थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि फरियादी इमरान पिता लतिफ बैग निवासी पार्श्व कुंज, खजराना ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके कॉलेज के प्रोफेसरों और छात्रों ने मिलकर इस ट्रैफिक मित्र रोबोट का निर्माण किया था. नगर निगम इंदौर के सहयोग से इसे गत 10 मार्च को ब्रिलियंट औरा चौराहे पर स्थापित किया था. शहरवासियों को समर्पित करने के लिए इसका निकट भविष्य में भव्य उद्घाटन होना तय था, लेकिन उससे पहले ही बदमाशों ने इसे क्षतिग्रस्त कर दिया. घटना का पता 13 मार्च को चला, जब रोबोट ने काम करना बंद कर दिया.

## आरोपियों की पहचान करने सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

फरियादी इमरान और नगर निगम झोन-07 के उपयंत्री राकेश शर्मा ने जब मौके पर जाकर तकनीकी जांच की, तो पाया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने रोबोट के मैकेनिकल हाथों और उसमें लगे कीमती डिजिटल डिस्प्ले के साथ तोड़फोड़ की है. तोड़फोड़ के कारण रोबोट का सॉफ्टवेयर और सेंसर सिस्टम भी प्रभावित हुआ है. मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. पुलिस चौराहे और आसपास के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि इस हरकत को अंजाम देने वाले शरारती तत्वों की पहचान की जा सके.

# फुफेरी बहन ने इंस्टाग्राम पर डाली युवती की आपत्तिजनक फोटो

**इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक युवती ने अपनी ही बुआ की बेटी के खिलाफ केस दर्ज कराया है. आरोप है कि फुफेरी बहन ने पीड़िता की फोटो को किसी अन्य लड़के के साथ एडिट कर उसे बदनाम करने की नीयत से इंस्टाग्राम पर सार्वजनिक कर दिया.**

थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि 20 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई कि यह विवाद गत 26 फरवरी की शाम करीब 5 बजे शुरू हुआ. पीड़िता को पता चला कि उसकी बुआ की बेटी ने उसकी एक फोटो को किसी अनजान लड़के की फोटो के साथ आपत्तिजनक तरीके से एडिट किया और उसे इंस्टाग्राम आईडी पर पोस्ट कर दिया. पीड़िता का आरोप है कि उसकी सामाजिक छवि को नुकसान पहुंचाने और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के उद्देश्य से यह घिनौनी हरकत की गई.

घटना की जानकारी मिलने पर जब पीड़िता ने आरोपी बहन से फोटो डालने के संबंध में पूछताछ की और उसे हटाने को कहा, तो वह आग-बबूला हो गई. आरोपी युवती ने पहले तो साफ इनकार कर दिया और फिर अभद्रता करते हुए कहा, मैंने फोटो नहीं डाले हैं, तुझे जो करना है कर ले, तू मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती. इतना ही नहीं, आरोपी ने पीड़िता को डराते हुए धमकी दी कि अगर ज्यादा होशियार बनी, तो तुझे और तेरे घर वालों को जान से मरवा दूंगी. मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है.

## मकान और दुकान से लाखों का सामान चोरी

**इंदौर.** एमआईजी और सराफा थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने मकान और दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों के सामान पर हाथ साफ कर दिया. दोनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच कर रही है. आरोपियों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है. एमआईजी थाना प्रभारी सीबी सिंह ने अनूप नगर के अमन अपार्टमेंट में रहने वाले हार्दिक खंडेलवाल के किराए के मकान में दिन के समय अज्ञात बदमाशों ने धावा बोल दिया. बदमाश दरवाजे की कुंडी तोड़कर घर में घुसे और अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे सोने का मंगलसूत्र, चार कंगन, दो जोड़ी टॉप्स, चांदी की पायल, बिछिया, दो घड़ियां और करीब 6 हजार रुपए नकद चुरा ले गए. वहीं सराफा थाना प्रभारी राजकुमार लिटोरिया ने बताया कि थाना क्षेत्र के उषा नगर एक्सटेंशन निवासी प्रदीप वाधवानी की एमटी क्लॉथ मार्केट स्थित दुकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया.

# पूजन सामग्री विसर्जन के दौरान बावड़ी में गिरी महिला, मौत



**इंदौर.** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में गुरुवार को अमावस्या के दिन पूजन सामग्री विसर्जित करने गई एक महिला की पुरानी बावड़ी में डूबने से मौत हो गई. पालदा निवासी 45 वर्षीय मायाबाई पत्नी राजेश गुरुवार दोपहर खेत पर बनी एक पुरानी बावड़ी पर पूजा के बाद सामग्री विसर्जित करने पहुंची थीं. इसी दौरान पैर फिसलने से वे गहरे पानी में गिर गईं. काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और तलाश शुरू की गई. खोजबीन के दौरान महिला के बावड़ी में गिरने की जानकारी मिलने पर परिजन वहां पहुंचे और उन्हें निकालकर निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही भंवरकुआं पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजकर जांच में जुट गई.

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**इंदौर.** राऊ थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण एक युवक की मौत हो गई. पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी राजपाल सिंह राठौर ने बताया कि घटना 10 मार्च को दोपहर करीब 2.30 से 3 बजे के बीच राऊ बायपास रोड स्थित अवध वाटिका कॉलोनी के टर्निंग के पास, बल्ले-बल्ले ढाबे से पहले हुई. वाहन नम्बर एमपी 09 क्यूपी 6637 के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए 19 वर्षीय आयुष यादव निवासी कैलोद, देवास नाका को टक्कर मार दी. हादसे में गंभीर रूप से घायल आयुष की मौके पर ही मौत हो गई. मामले में शासन की ओर से प्रधान आरक्षक पवन त्रिपाठी की रिपोर्ट पर आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है. पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश और मामले की जांच जारी है.